प्रेस नोट

दिनांक 27.03.2025

मिशन शक्ति अभियान, कक्षा 10वीं की छात्रा बनी एक दिवस की थाना प्रभारी।

आज दिनांक 27 मार्च 2025 मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कुरारा के द्वारा थाना में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय इण्टर कॉलेज कुरारा की कक्षा 10वीं की छात्रा साधना माथुर पुत्री फूलसिह, निवासिनी ग्राम बिन्दपुरी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, को एक दिवस का थाना अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक थाना कुरारा के द्वारा छात्रा को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका की जानकारी साझा की गई। छात्रा को थाने में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाओं, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा उपायों और पुलिस की कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। छात्राओं में आत्मविश्वास जागृत करना, उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना और भविष्य में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। एक दिवसीय थाना अध्यक्ष बनने पर छात्रा साधना माथुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह अवसर न केवल उनके लिए प्रेरणादायक था, बल्कि इससे उन्होंने पुलिसिंग की बारीकियों को भी समझा। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम से छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने और पुलिस एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए कहा, ताकि अधिक से अधिक छात्राओं को प्रेरित किया जा सके और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले।